Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up an Airport at Malda, West Bengal-laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मै माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री का ध्यान मेरे जिले मालदा मे हवाई अड्डे के निर्माण की ओर दिलाना चाहता हूँ । मालदा पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण शहर है जहाँ केन्द्र सरकार के कार्यालय रेलवे डिवीजन, बीएसएफ कैंप 2 केंद्रीय विद्यालय, एनटीपीसी, पावर ग्रिड के अलावा व्यापारिक गतिविधियाँ भी संचालित होती हैं । यहाँ के नागरिकों की सबसे बड़ी समस्या वायु यातायात की है । यहाँ से निकटतम हवाई अड्डे बागडोगरा और कोलकाता हैं । मालदा से बागडोगरा की दूरी 250 किमी तथा कोलकाता की दूरी 350 किमी है । देश में बहुत कम ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ किसी एक शहर से हवाई अड्डे इतनी दूरी पर हैं । इमरजेंसी सेवाओं में चिकित्सा हेतु भी इसकी परम आवश्यकता है । अतः इन परिस्थितियों मे मालदा में हवाई परिवहन सेवा हेतु हवाई अड्डे का निर्माण आवश्यक है । इस हेतु ये सुझाव भी मै देना चाहता हूँ कि पुराने हवाई अड्डे के नवीनीकरण से भी इस समस्या का समाधान हो सकता है । अतः पुनः मैं मालदा को हवाई यातायात के नक्शे पर जोड़ने के लिये माननीय मन्त्री जी से आग्रह करता हूँ ।